हिन्दुस्तान

# उत्तर प्रदेश

## सुशासन, समावेशी विकास और निवेश का नया केंद्र



यूपी की पहचान अब बेहतर कानून व्यवस्था, सुलभ शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों के साथ-साथ सर्वसमावेशी विकास वाले राज्य के रूप में स्थापित हो चुकी है। 'अंत्योदय से सर्वोदय' के सिद्धांत को अपनाते हुए प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। पिछले वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक विकास, बुनियादी सुविधाओं और तकनीकी क्षेत्र में, गांवों से लेकर शहरों तक, विकास के नए मानक तय किए गए हैं। छात्रों, युवाओं, किसानों, कामगारों, महिलाओं तथा गरीब-वंचित वर्गों सहित समाज के सभी वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाए गए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव पूरे राज्य में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 'अचीवर स्टेट' बनने के साथ ही उत्तर प्रदेश देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद के रूप में उभरकर सामने आया है।



### कृषि विकास

- उत्तर प्रदेश खाद्यान्न, गन्ना, आलू, आम, अमरूद, आंवला, चीनी, एथेनॉल एवं दुग्ध उत्पादन में देश का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है।
- दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर है, जहां देश के कुल दुग्ध उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 16.21 प्रतिशत है।
- अमृत सरोवरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। वर्ष 2025 में अब तक 18,868 अमृत सरोवरों का निर्माण पूर्ण कर प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में अब तक 9.81 करोड़ बैंक खाते खोलकर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है।
- कृषि निवेशों पर किसानों को दी जाने वाली अनुदान राशि का डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से भुगतान करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है।



### अवसंरचना विकास

- देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश में वर्तमान में 7 एक्सप्रेसवे संचालित, 5 निर्माणाधीन तथा 10 एक्सप्रेसवे प्रस्तावित हैं।
- मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार में भी उत्तर प्रदेश अग्रणी है। देश में सर्वाधिक 6 शहरों–नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर और आगरा–में मेट्रो ट्रेन का संचालन हो रहा है। इसके अलावा 4 शहरों में निर्माणाधीन तथा 5 शहरों में प्रस्तावित मेट्रो परियोजनाएं हैं।
- हवाई संपर्क के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे है। प्रदेश में 16 हवाई अड्डे संचालित हैं। वर्तमान में कुशीनगर, वाराणसी, लखनऊ और अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का संचालन हो रहा है। इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा, जिसे देश का एक प्रमुख एविएशन हब माना जा रहा है।

**242.19** करोड़ से अधिक पौधों का पिछले 8 वर्षों में रोपण कर बनाया गया विश्व रिकॉर्ड

**5.21** करोड़ लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत, अब तक 9 करोड़ से अधिक लाभार्थी आच्छादित

**400** लाख टन से अधिक सब्जियों का उत्पादन करते हुए उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर

### सामाजिक सुरक्षा

- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 तक उत्तर प्रदेश में देश में सर्वाधिक 1.86 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। साथ ही दीपावली और होली जैसे पर्वों पर निःशुल्क सिलेंडर की सुविधा से लाभार्थियों को अतिरिक्त राहत मिली है।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी है, जहां 3.12 करोड़ किसानों को अब तक 94,000+ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण) के अंतर्गत 60 लाख से अधिक परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला प्रदेश है।
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 7.17 करोड़ तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 2.59 करोड़ लाभार्थियों के नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।







### औद्योगिक विकास

- देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का लगभग 55 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है, जिससे प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है।
- एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं।
- कौशल विकास नीति को लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है, जिससे युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण मिल रहा है।
- स्टैंड-अप इंडिया योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में अब तक 20,214 लाभार्थियों को 3,416 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित कर उत्तर प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में लगातार 8 वर्षों से दीप प्रज्वलन के नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। वर्ष 2025 में 26.17 लाख से अधिक दीपों को जलाकर नया रिकॉर्ड बनाया गया।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की कार्ययोजना विकसित करने में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन स्थान पर है।
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में देश में सर्वाधिक 2.75 करोड़ से अधिक ग्रामीण स्वच्छ शौचालयों का निर्माण किया गया है।